भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3137
गुरुवार, 6 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत विमानन बुनियादी ढांचे का विकास

3137. डॉ. भोला सिंहः
श्रीमती रचना बनर्जीः

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उड़ान योजना के अंतर्गत चिन्हित, स्वीकृत तथा परिचालित विमान पतनों, हेलीपोर्ट एवं जल विमान पतनों (वाटर एयरोड्रोम) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान ऐसे कितने हवाई मार्ग परिचालन में लाये गए जो सेवा में नहीं और अल्प सेवित थे;

(ग) उक्त अवधि के दौरान योजना के अंतर्गत विमानन कंपनियों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता तथा प्रोत्साहनों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उक्त योजना के अंतर्गत स्वदेशी विमानों एवं हेलीकॉप्टरों को शामिल किए जाने संबंधी किसी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): 'उड़ान' योजना के तहत, देशभर में 17 हेलीपोर्टों और 2 वॉटर एयरोड्रोमों सहित 95 हवाईअड्डों को विकसित और प्रचालनरत किया गया है।

(ख): 'उड़ान' योजना के तहत पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान 188 आरसीएस मार्ग कार्यशील किए गए हैं।

(ग): 'उड़ान' योजना के तहत एयरलाइनों को संवितरित व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

(घ): 'उड़ान' योजना के अगले चरण के तहत, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय संपर्क के लिए आवश्यक छोटे विमानों और हेलीकॉप्टरों की कमी को दूर करने और आत्मनिर्भर भारत पहल का समर्थन करने हेतु क्षेत्रीय और दुर्गम क्षेत्र के परिचालनों के लिए 2 एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टरों और 2 एचएएल डोर्नियर विमानों की खरीद को अनुमोदन प्रदान किया है।

अनुलग्नक

दिनांक 30.06.2026 तक निम्नलिखित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से जुड़े मार्गों के प्रति चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को संवितरित वीजीएफ	
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	**राशि (करोड़ रुपये में)**
आंध्र प्रदेश	142.07
अरूणाचल प्रदेश	128.21
असम	83.50
बिहार	39.11
छत्तीसगढ़	107.86
दीव	36.47
गुजरात	220.35
हरियाणा	0.66
हिमाचल प्रदेश	106.20
झारखंड	11.35
कर्नाटक	823.73
केरल	103.58
लक्षद्वीप	54.91
मध्य प्रदेश	194.08
महाराष्ट्र	632.29
मणिपुर	12.84
मेघालय	54.56
नगालैंड	22.08
ओडिशा	216.88
पंजाब	161.03
राजस्थान	282.10
सिक्किम	14.61
तमिलनाडु	92.09
उत्तर प्रदेश	523.87
उत्तराखंड	218.53
पश्चिम बंगाल	86.25

******